C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:44 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 7:05 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 192 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. गुरूवार, 23 जनवरी 2025

सनी देओल की जाट तबाही के..पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### क्वारब की पहाड़ी दरकी, छह घंटे बंद रहा अल्मोड़ा एनएच

**नैनीताल।** भवाली-अल्मोड़ा एनएच पर बृहस्पतिवार सुबह करीब आठ बजे क्वारब की पहाड़ी दरक गई। इस कारण मार्ग पर छह घंटे तक यातायात बंद रहा। गनीमत रही कि पहाड़ी दरकते समय सड़क पर वाहनों की आवाजाही नहीं हो रही थी। सड़क बंद होने से एनएच के दोनों ओर वाहनों की कतार लगने से यात्रियों और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जेसीबी और पोकलेन मशीनों की मदद से सड़क के दोनों ओर से मलबा हटाकर दोपहर करीब दो बजे से यातायात सुचारु कराया जा सका। सड़क बंद होने से व्यापारियों, होटल और रेस्टोरेंट कारोबारी भी परेशान रहे।

### शामली मुठभेड़ में बलिदान हुए इंस्पेक्टर सुनील कुमार को दी गई अंतिम सलामी

**शामली।** शामली-करनाल बॉर्डर पर बदमाशों से हुई मुठभेड़ के दौरान घायल हुए एसटीएफ इंस्पेक्टर उपचार के दौरान बुधवार को बलिदान हो गए। पुलिस लाइन में अंतिम सलामी के बाद एसटीएफ के बलिदान इंस्पेक्टर सुनील कुमार के पार्थिव शरीर को मसूरी गांव ले जाया जा रहा है।

### हरिद्वार में मतदान केंद्रों के बाहर भिड़े प्रत्याशियों के समर्थक

**हरिद्वार।** वार्ड नंबर 45 का मतदान केंद्र ईदगाह रोड अलमोरिद स्कूल में बनाया गया है। यहां मतदान की व्यवस्था बिल्कुल गड़बड़ा गई है। हरिद्वार में कई वार्डों में मतदान केंद्रों के बाहर लंबी कतार लगी है। अंदर मतदान की गति बेहद धीमी तरीके से चल रही है। ऐसे में व्यवस्था भी गड़बड़ा रही है। भीड़ बढ़ने से यातायात व्यवस्था की प्रभावित हो रही है। वार्ड नंबर 45 का मतदान केंद्र ईदगाह रोड अलमोरिद स्कूल में बनाया गया है। यहां मतदान की व्यवस्था बिल्कुल गड़बड़ा गई है। मतदाताओं की लंबी कतार लगी हुई है। अंदर भी वोटिंग बड़ी धीमी गति से चल रही है। मौके पर सेक्टर मजिस्ट्रेट डॉ नरेश चौधरी पहुंचे हैं। व्यवस्था बनवाने में जुटे हैं। बाहर लगी कतार को टोकन के अनुसार अंदर भेजने की व्यवस्था की जा रही है।

# प्रदेश के 100 निकायों में मतदान संपन्न, अब 25 को होगी मतगणना

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

100 निकायों में मतदान कराने के लिए निर्वाचन आयोग ने 16,284 कर्मचारी, 18 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी चुनाव में लगाए थे।

उत्तराखंड के 100 नगर निकायों के चुनाव में बृहस्पतिवार को जमकर वोट बरसे। खबर लिखे जाने तक कई निकायों में मतदान चल रहा था। इस बार भी मतदान प्रतिशत 65 से 70 के बीच रहने का अनुमान है। अब 25 जनवरी को मतगणना होगी। रुड़की के माहीग्रान में शाम पांच बजे के बाद लाइन में लगे लोगों ने मतदान



करवाने के लिए हंगामा कर दिया। जिससे वहां स्थिति तनावपूर्ण बन गई। पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह मतदान करवाने की जिद पर अड़े रहे। इस बीच किसी ने पत्थर फेंक दिया। जो एक युवक को जा लगा। इस पर हंगामा और बढ़ गया। स्थिति को काबू पाने के लिए पुलिस ने हंगामा करने लोगों पर लाठियां फटकारी जिससे भगदड़ मच गया। बड़कोट के वार्ड नंबर 4 के डाइट मतदान केंद्र पर हंगामा। पांच बजे के बाद भाजपा प्रत्याशी के साथ मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान को जाने दिया। निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थकों, यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल को नहीं जाने दिया। धक्का मुक्की के साथ हंगामा हुआ। मनवीर सिंह चौहान के खिलाफ नारेबाजी। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए भीड़ को खदेड़ा। विधायक के गनर ने विधायक संजय डोभाल को सुरक्षित बाहर भीड़ से ले आए । मसूरी नगर पालिका चुनाव मतदान के दौरान हंगामा हो गया। आरएन भार्गव इंटर कॉलेज के अतिसंवेदनशील वार्ड 6 के कक्ष संख्या 3 में दो पक्षों में मारपीट हो गई। फर्जी वोट को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान जमकर बवाल हुआ। पुलिस ने दोनों पक्षो को मतदान केंद्र से बाहर किया। प्रदेश में निकाय चुनाव पांच बजे तक होने थे। लेकिन कई जगहों पर अभी भी वोटरों की लंबी लाइनें लगी हैं। उत्तराखंड में निकाय चुनाव को लेकर मतदाताओं में भी सुबह उत्साह नजर आया, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही भीड़ कम होने लगी। प्रदेश में चार बजे तक 56.81 फीसदी मतदान हुआ है।

......संबंधित पेज 2, 4 पर

भगदड़ में कई घायल

# रुड़की में मतदान बंद को लेकर बवाल, पुलिस ने भांजी लाठियां



**रुड़की**
एजेंसी

पांच बजे मतदान केंद्र बंद कर दिया गया था। इस दौरान लोग मतदान कराने की जिद पर अड़े रहे। इसी बीच किसी ने पत्थर फेंक दिया। जो एक युवक को जा लगा। इस पर हंगामा और बढ़ गया।

रुड़की के माहीग्रान में शाम पांच बजे के बाद लाइन में लगे लोगों ने मतदान करवाने के लिए हंगामा कर दिया। जिसके बाद स्थिति तनावपूर्ण बन गई। पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह मतदान करवाने की जिद पर अड़े रहे। इस बीच किसी ने पत्थर फेंक दिया। जो एक युवक को जा लगा। इस पर हंगामा और बढ़ गया। स्थिति पर काबू पाने के लिए पुलिस ने हंगामा करने वाले लोगों पर लाठियां फटकारी, जिससे भगदड़ मच गया। वहीं, भगदड़ में कई महिलाएं और युवती घायल हो गए।

पुलिस-प्रशासन पर सत्ता के दबाव में काम करने को लेकर कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशी धरने पर बैठ गए। मौके पर भारी पुलिस बल और पीएसी के जवान तैनात किए गए हैं। वहीं, धरने पर बैठे कांग्रेस प्रत्याशी पति सचिन गुप्ता और निर्दलीय प्रत्याशी पति यशपाल राणा ने आरोप लगाया कि सत्ता के दबाव में सुबह से ही पुलिस-प्रशासन ने माहीग्रान मतदान केंद्र पर धीमी गति से मतदान करवाया है।

शाम तक लोग लाइन में लगे रहे। पांच बजते ही मतदान केंद्र बंद कर दिया गया। जिसके चलते हजारों लोग मतदान नहीं कर पाए। आरोप लगाया कि लोगों ने मतदान कराने की मांग की तो पुलिस ने लाठीचार्ज की है। वहीं, देर शाम तक लोग मतदान शुरू करवाने को लेकर धरने पर बैठे रहे। वहीं, विधायक ममता राकेश जोर-जोर से रोने लगीं।

# शांतिपूर्ण चुनाव निपटने के बाद प्रशासन ने भी राहत की सांस ली

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में गुरुवार को पालिकाध्यक्ष समेत 15 वार्डों में सभासद पदों के प्रत्याशियों के लिए मतदान शांतिपूर्ण निपट गया। नैनीताल नगर पालिका परिक्षेत्र में चुनाव के लिए बने 32 बूथों में 55.69 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शांतिपूर्ण चुनाव निपटने के बाद प्रशासन ने भी राहत की सांस ली।

बता दें नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए 6 प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत अजमा रहे हैं जबकि 15 वार्डों में सभासद पदों के लिए 76 प्रत्याशी चुनावी समर में हैं। गुरुवार को दिनभर खराब मौसम के बाद भी नगर के अधिकांश वार्डों में मतदान करने के लिए मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें नजर आयी। नगर के कई बूथों में अव्यवस्थाएं भी देखने को मिली लेकिन बाद में उनका निस्तारण कर लिया गया। खास बात यह रही कि हर चुनाव की तरह अबकी बार भी कई बूथों में कई मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से



गायब था,इस दौरान कुछ मतदाताओं ने तो बूथों में अपना रोष भी जताया लेकिन कई मतदाता निराश होकर वापस भी लौटते बने। कई बूथों में शाम को पांच बजे के बाद भी लंबी कतारें नजर आयी।

मतदान के प्रति युवा वर्ग में खासा उत्साह दिखायी दिया। नगर के स्कूल इन दिनों शीतावकाश के लिए बंद हैं जिसके चलते अधिकांश मतदाता नैनीताल से बहार हैं उसका असर भी मतदान में सीधा नजर आया,लोगों का कहना था कि अगर मतदान होली के बाद होता तो मतदान का प्रतिशत जरुर बढ़ता। फिलहाल नगर में निकाय चुनाव शांतिपूर्ण निपट गया।

# बेतालघाट में तेंदुए और शावक की मौत, लोगों में दहशत

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

बेतालघाट ब्लॉक में संदिग्ध हालात में तेंदुए और उसके शावक की मौत हो गई। क्षेत्र में तेंदुए की दस्तक से लोगों में दहशत व्याप्त है।

बेतालघाट ब्लॉक में संदिग्ध हालात में तेंदुआ और उसका शावक मृत मिला है। वन विभाग की टीम ने दोनों के शवों को रानीबाग रेस्क्यू सेंटर भेज दिया है।बेतालघाट ब्लॉक के धनियाकोट स्थित सफेद पहाड़ी से लगे गधेरे में बृहस्पतिवार सुबह ग्रामीणों को एक तेंदुए और उसका बच्चा मृत हालत में मिले। सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और शवों को कब्जे में लिया। रेंजर मनोज भगत ने बताया कि दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए रानीबाग स्थित रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के असल कारणों का पता चल पाएगा। उन्होंने बताया कि दोनों का विसरा जांच के लिए बरेली और देहरादून की लैब में भेजा जाएगा। बता दें कि दो दिन पहले गैरखाल गांव के पास कोसी नदी किनारे भी छह साल के एक नर तेंदुए का शव मिला था। क्षेत्र में लगातार तेंदुए और उसके बच्चों के शव मिलने से स्थानीय लोगों में दहशत है। लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों से क्षेत्र में गश्त कराने की मांग की है।

# दीवार गिरने से महिला मलबे में दबी, एक की मौत दो घायल

**भीमताल**
हमारे संवाददाता

भीमताल के गोरखपुर क्षेत्र में एक निर्माणधीन मकान की दीवार गिरने से एक महिला मजदूर की मौत हो गई जबकि दो मजदूर घायल हो गए।

भीमताल नगर के गोरखपुर क्षेत्र में एक निर्माणधीन मकान की दीवार गिरने से एक महिला मजदूर की मौत हो गई जबकि दो मजदूर घायल हो गए। एक घायल की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक इलाज के बाद उसे रेफर किया गया है, जबकि दूसरे को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि गोरखपुर चौराहे के पास एक मकान बनाया जा रहा है। बृहस्पतिवार शाम करीब 4:30 बजे मकान की एक दीवार गिर गई। इसके नीचे दबने से श्रमिक मालती देवी (35)



पत्नी दीपक भुइया निवासी पलामू झारखंड, सुशीला देवी और पुष्प चंद्र घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को मलबे से बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अपने वाहन से तीनों को भीमताल सीएचसी पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने मालती देवी को मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर रूप से घायल सुशीला देवी को हल्द्वानी एसटीएच रेफर किया गया है जबकि पुष्प चंद्र को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। सीएचसी के डॉ हेमंत मर्तोलिया ने बताया कि महिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ चुकी थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि मालती देवी के शव को मोर्चरी में रखा गया है। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के लिए शव नैनीताल भेजा जाएगा। घटना की सूचना मृतका के परिजनों को दे दी गई है। उन्होंने कहा कि हादसे का कारण का पता लगाया जा रहा है। घायलों को बचाने वालों में भानु लोशाली, भूपेंद्र कनौजिया, अमति पडलिया, भास्कर भगवाल आदि शामिल रहे।

# नैनीताल में 12514 पुरुष व 13114 महिलाओं ने किया मतदान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में छोटी सरकार चुनने के लिए 12514 पुरुष 13114 महिलाएं ने शहर के 32 मतदान केंद्रों में अपने मतों का प्रयोग किया।

आज प्रदेश भर में नगर निकाय चुनाव चल रहे हैं नैनीताल में 25 हजार 629 मतदाता अपने मतों का प्रयोग कर अपना अध्यक्ष और सभासद का चयन कर रहे हैं ।

नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली है जानकारी देते हुए संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुण अग्रवाल ने बताया की नैनीताल शहर में 32 मतदान स्थल बनाए गए हैं। मतदान को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं सुरक्षा की दृष्टि से भी पुख्ता इंतजाम हैं। सुबह से शहर के सभी मतदान केंद्र में भारी भीड़ नजर आ रही है। सभी लोग अपने-अपने मतदान के लिए लंबी-लंबी लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।



## सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस भी अलर्ट 120 से अधिक पुलिस बल तैनात

चुनाव के दौरान किसी प्रकार की अनहोनी ना हो इसको लेकर पुलिस भी अलर्ट मोड में है। नैनीताल के सीओ प्रमोद शाह ने बताया नैनीताल शहर को 2 जोन में बांटा गया है। शहर में 10 मतदान केंद्र संवेदनशील हैं जहां पर पुलिस की कड़ी निगरानी हैं। इसके अलावा सामान्य मतदान केंद्रों में एक सब इंस्पेक्टर, दो कांस्टेबल,एक होमगार्ड समेत चुनाव आयोग के नियमानुसार पुलिस बल एक प्लाटून पीएसी भी तैनात हैं ।









नगर निकाय चुनाव में सात समंदर पार ( यूरोप चेक गणराज्य ) से वोटर मतदान करने के लिए नैनीताल पहुंची है।

बातचीत करते हुए मतदाता डॉक्टर अनीता राणा ने बताया यूरोप में डॉक्टर के पद पर कार्यरत हैं। नैनीताल में चल रही निकाय चुनाव में मतदान करने के लिए नैनीताल पहुंची हैं। उनका कहना हैं उन्होंने अपने क्षेत्र के विकास को लेकर मतदान किया हैं।



अनीता राणा जो विदेश से वोट डालने आई



# पहाड़ से लेकर मैदान तक मतदाताओं में भारी उत्साह

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

**मतदान**
- सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लंबी-लंबी लाइनें
- पुलिस ने प्रदेशभर में 185 चेकिंग बैरियर स्थापित किए

उत्तराखंड में निकाय चुनाव के लिए मतदान का दिन शानदार तरीके से शुरू हुआ, जहां पहाड़ से लेकर मैदान तक मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया।

सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लंबी-लंबी लाइनें लगीं, जिसमें लोगों ने अपनी बारी का इंतजार किया। देहरादून में मेयर प्रत्याशी सौरभ थपलियाल भी मतदान की लाइन में लगे और अपने नंबर का इंतजार किया, इसके बाद उन्होंने मतदान किया।

इस बार कुल 30 लाख 29 हजार मतदाता मतदान करेंगे, जिसमें महिलाओं की संख्या भी काफी बड़ी है। पिछले निकाय चुनावों में मतदान प्रतिशत में लगातार वृद्धि देखी गई है। 2008 में मतदान प्रतिशत 60त्न, 2013 में 61त्न और 2018 में यह आंकड़ा 69.79त्न तक पहुंचा था। इस बार राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रतिशत को और बढ़ाने का लक्ष्य रखा है, और 70 से 75 प्रतिशत के बीच मतदान का अनुमान जताया जा रहा है।

इस चुनाव में राज्य में 11 नगर निगम हो चुके हैं, जिनमें श्रीनगर, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ जैसे क्षेत्र पहली बार नगर निगम के चुनाव में भाग ले रहे हैं, जबकि पहले ये नगर पालिकाएं थीं।

चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने प्रदेशभर में 185 चेकिंग बैरियर स्थापित किए हैं, जिनमें से 117 बैरियरों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। बाकी बैरियरों पर वीडियो कवरेज की जा रही है। इसके साथ ही प्रदेशभर में 105 मोबाइल टीम और 109 क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) काम कर रही हैं ताकि चुनाव के दौरान शांति बनाए रखी जा सके और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज तिवारी का भी नाम वोटर लिस्ट से गायब

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

आम वोटरों के साथ-साथ हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी का भी नाम वोटर लिस्ट से गायब था। न्यायाधीश मनोज तिवारी अपने मत का प्रयोग करने शहर के सूखाताल पोलिंग बूथ में वोट डालने पहुंचे जहां काफ ी देर तक नाम ढूंढने के बावजूद उनका अपना नाम मतदाता सूची में नहीं मिला जिसके बाद मनोज तिवारी बिना वोट डाले बैरंग वापस लौट गए।

नगर के अधिकांश मतदान केंद्रों में सुबह से अव्यवस्था देखने को मिली। वोट देने मतदान केंद्रों में आ रहे मतदाताओं समेत बुजुर्गों को सही जानकारी न मिलने के चलते मतदाता एक केंद्र से दूसरे केंद्र में भटकते नजर आए ऐसे में जिलाधिकारी वंदना सिंह को एक बुजुर्ग की नाराजगी का सामना करना पड़ा। बुजुर्ग ने नाराज होते हुए जिलाधिकारी वंदना सिंह से मतदान केदो में कोई सुविधा न होने की शिकायत की जिसके बाद जिलाधिकारी वंदना सिंह ने मतदान केंद्रों में मौजूद अधिकारियों को मतदाताओं को सुविधा देने के निर्देश दिए।

नैनीताल पालिका के 15 वार्डों में प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला है। बता दें कि स्टाफ हाउस वार्ड में पांच, शेर का डांडा में पांच, राजभवन वार्ड में दो, हरिनगर में सात, स्नोव्यू में चार, नारायण नगर में पांच जबकि सूखाताल में तीन, अयारपाटा में पांच, अपर माल रोड से तीन, नैनीताल क्लब में आठ, कृष्णापुर में सर्वाधिक 11 जबकि सैनिक स्कूल वार्ड में पांच, आवागढ़ से चार, मल्लीताल बाजार से छह, तल्लीताल बाजार से तीन प्रत्याशी मैदान में हैं।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर राष्ट्रीय स्तरीय सम्मान

**नैनीताल।** फरीदाबाद (हरियाणा) में मैजिक बुक ऑफ रिकार्डस द्वारा आयोजित अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया गया जिसमें भारत के विभिन्न 18 राज्यों से आए 95 लोगों को उनके क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए राष्ट्रीय स्तर सम्मानित किया गया। समारोह में कुमाऊं के प्रवेश द्वार हल्द्वानी की नन्ही बेटी हर्षिका रिखाड़ी ने योग के क्षेत्र में अभी तक की उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मैजिक बुक ऑफ रिकार्डस हासिल कर एक बार फि र नया कीर्तिमान स्थापित कर हल्द्वानी समेत देवभूमि उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। बता दें कि इससे पूर्व हर्षिका ने विभिन्न योग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर अब तक लगभग 25 मेडल व ट्राफी जीत चुकी हैं जिसमें उनके 10 गोल्ड मेडल भी शामिल हैं। हर्षिका 4 बार राष्ट्रीय (नेशनल) स्तर पर प्रतिभाग कर चुकी हैं एवं राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर योग रत्न के विशेष सम्मान से सम्मानित हुई हैं।

**NEWS / फटाफट**

## पुलिस ने नशे के प्रति जागरुकता अभियान चलाया




**धारी।** थाना मुक्तेश्वर पुलिस ने नशा, साइबर अपराध, यातायात के बारे में लोगों को जागरुक किया। शनिवार को भटेलिया बाजार में स्थानीय व्यक्तियों को नशे के प्रति जागरुकता अभियान चलाया गया। इस मौके नुक्कण नाटक आयोजन किया। वहीं भटेलिया बाजार में पुलिस द्वारा रैली निकाली गई व नशे से दूर रहने , यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा की जानकारी की दी । इस मौके थानाध्यक्ष मुक्तेश्वर कमित जोशी , व्यापार मण्डल अध्यक्ष कृष्णा सिंह बिष्ट, राजेन्द्र सिंह महरा , दिनेश डंगवाल , संतोष सिंह , हरीश सिंह , अनिल सिंह , दीपक सिंह आदि टैक्सी यूनियन भटेलिया , दुकानदार व स्थानीय लोग मौजूद रहे ।

# अभिमत



## अस्तित्व का खतरा

***अपहरण, हत्या और दुष्कर्म जैसे संगीन अपराध करने के साथ ही आदिवासी क्षेत्रों में विकास कार्य में बाधा उत्पन्न की जाती है। सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार व अधिकारियों को धमकी दी जाती है। निर्माण कार्य में लगे मजदूरों पर हमले किये जाते हैं। आदिवासी क्षेत्र का विकास हो जाने पर नक्सलियों का खात्मा हो जायेगा। आदिवासियों के बच्चों को स्कूल नहीं जाने देते हैं। आदिवासियों के बच्चे शिक्षित हो जायेंगे तो नक्सलियों की बातों से गुमराह नहीं होंगे। अब सरकार ने नक्सलियों का खात्मा करने के लिए चौतरफा कार्रवाई की है और नक्सली बौखलाकर हमले कर रहे हैं।***

हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। आदिवासियों को गुमराह कर हिंसा की आग में झोंकने वाले नक्सलवादी समाज और देश को नुकसान पहुंचा रहे हैं। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सली हिंसा को खत्म करने का बीड़ा उठाया है। नक्सलियों पर काफी हद तक नियंत्रण किया जा चुका है। पिछले कुछ महीनों में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में कई नक्सली मारे गये हैं। नक्सलियों के बहकावे में आये आदिवासियों को प्रशासन ने समझाबुझाकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ा है। सुरक्षा बलों की मुहिम से हताश नक्सलियों के लिए अब अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो गया है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बारूदी सुरंग में विस्फोट के जरिये सुरक्षा बलों के वाहन को उड़ा दिया गया। सुरक्षा बलों की कार्रवाई पर इससे कोई असर नहीं होगा। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चेतावनी दी है कि सुरक्षा बल के जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा। जंगल में छिपे नक्सलियों को सूचना पहुंचाने का काम आदिवासी करते थे। नक्सलियों से डरे आदिवासी जंगल में उन्हें खाद्य सामग्री और अन्य वस्तुएं भी पहुंचाते हैं। आदिवासियों की युवतियों को हथियारों का प्रशिक्षण देने के नाम पर जंगल में ले जाकर बंधक बना लेते थे और उनके साथ दुष्कर्म करते थे। नक्सलियों के चंगुल से छूटकर आई युवतियों ने आपबीती सुरक्षा बलों को बताई। इसके बाद पीड़ित युवतियों से मिली जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के ठिकानों पर हमले किये। नक्सलियों का जाल कई प्रदेशों में फैला होने के कारण एक राज्य में सुरक्षा बलों की कार्रवाई से बचने के लिए जंगल के रास्ते दूसरे राज्य में चले जाते हैं। नक्सलियों द्वारा व्यापारियों को धमकी देकर धन वसूल किया जाता है। रंगदारी नहीं मिलने पर व्यापारियों का अपहरण करके फिरौती मांगी जाती है। अपहरण, हत्या और दुष्कर्म जैसे संगीन अपराध करने के साथ ही आदिवासी क्षेत्रों में विकास कार्य में बाधा उत्पन्न की जाती है। सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार व अधिकारियों को धमकी दी जाती है। निर्माण कार्य में लगे मजदूरों पर हमले किये जाते हैं। आदिवासी क्षेत्र का विकास हो जाने पर नक्सलियों का खात्मा हो जायेगा। आदिवासियों के बच्चों को स्कूल नहीं जाने देते हैं। आदिवासियों के बच्चे शिक्षित हो जायेंगे तो नक्सलियों की बातों से गुमराह नहीं होंगे। अब सरकार ने नक्सलियों का खात्मा करने के लिए चौतरफा कार्रवाई की है और नक्सली बौखलाकर हमले कर रहे हैं।

# शीतकालीन यात्रा का संदेश देने फरवरी में भी आ सकते हैं पीएम मोदी

**देहरादून**
हमारे संवाददाता



फरवरी में उनके शीतकालीन यात्रा का संदेश देने के लिए उत्तरकाशी में प्रवास का कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली प्रवास के दौरान पीएम से शीतकालीन यात्रा पर आने का अनुरोध किया था।

राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोबारा फरवरी में भी उत्तराखंड आ सकते हैं। फरवरी में उनके शीतकालीन यात्रा का संदेश देने के लिए उत्तरकाशी में प्रवास का कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली प्रवास के दौरान पीएम से शीतकालीन यात्रा पर आने का अनुरोध किया था।

माना जा रहा था कि पीएम राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करने जब उत्तराखंड आएंगे तो इस दौरान वह शीतकालीन यात्रा पर जाएंगे। लेकिन आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री शीतकालीन यात्रा के लिए बाद में आएंगे। वह 28 जनवरी को देहरादून आएंगे और इस दौरान राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन व अवस्थापना से जुड़ी कुछ योजनाओं का शिलान्यास करने के बाद नई दिल्ली लौट जाएंगे। प्रदेश सरकार की यह कोशिश है कि पीएम के इस प्रवास के दौरान राज्य के विकास से जुड़ी योजनाओं के मसले भी उठाए जाएं। हालांकि, अभी तक प्रधानमंत्री कार्यालय से राज्य सरकार को अभी पूरा कार्यक्रम प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे संकेत मिले हैं कि प्रधानमंत्री शीतकालीन यात्रा का संदेश देने के लिए फरवरी में उत्तरकाशी में प्रवास कर सकते हैं। उनके गंगोत्री के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा जाने की प्रबल संभावनाएं हैं। उस दौरान प्रधानमंत्री सीमांत गांवों के स्थानीय लोगों, युवाओं और सीमा पर तैनात सैनिकों से भी संवाद कर सकते हैं।

बता दें कि प्रधानमंत्री के व्यक्तिगत प्रयासों से बदरीनाथ और केदारनाथ में मास्टर प्लान के तहत पुनर्निर्माण कार्य चल रहे हैं। केंद्रीय सहायता से इसी तर्ज पर मुख्यमंत्री गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में भी अवस्थापना कार्य कराने का अनुरोध प्रधानमंत्री से कर चुके हैं।

## मतदान कर मतपत्र का फोन से खींचा फोटो, मतदाता गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**कोटद्वार।** नगर के वार्ड संख्या-14 जौनपुर के मतदान केंद्र हैप्पी होम पब्लिक स्कूल में बने बूथ संख्या-34 में मतदान के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पीठासीन अधिकारी शशिभूषण सैनी ने मतदान कर रहे मतदाता आमपड़ाव निवासी फाजिल विकार को मोबाइल समेत पकड़ लिया।

कोटद्वार पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था में सेंधमारी कर एक मतदाता न केवल मोबाइल फोन समेत मतदान बूथ में दाखिल हो गया, बल्कि मतदान के बाद मतपत्र का फोटो भी खींच लिया। पीठासीन अधिकारी की तहरीर पर मतदाता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मतदाता को गिरफ्तार कर लिया। नगर के वार्ड संख्या-14 जौनपुर के मतदान केंद्र हैप्पी होम पब्लिक स्कूल में बने बूथ संख्या-34 में मतदान के दौरान सुबह 11:45 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत चलाया जागरूकता अभियान

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

मेरा युवा भारत अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र नैनीताल के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता अभियान नैनीताल जिले के रामनगर एवं हल्द्वानी ब्लॉक में किया गया।

कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी डॉल्वी तेवतिया के निर्देशानुसार स्वयंसेवक मदन मोहन, प्रकाश बिष्ट एवं भावना ने अपने साथी तृप्ता, बीना, सुरेश, भरत तथा अभिषेक आदि के साथ सडक् सुरक्षा सप्ताह अभियान की शुरुआत 17 जनवरी से हो गयी थी जो 23 जनवरी (आज) तक चलेगी। कहा कि

एक सप्ताह तक शहर के मुख्य स्थानों पर निरन्तर सडक् सुरक्षा को लेकर आमजन के बीच जागरूकता के लिये प्रेरित किया व सभी को कार्यक्रम के उद्देश्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम में हल्द्वानी के यातायात निरीक्षक शिव राज बिष्ट का विशेष सहयोग रहा। सडक् सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को गोलापार क्षेत्र में जागरूकता संगोष्ठी एवं रैली कराई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संभागीय परिवहन अधिकारी गुरदेव सिंह उपस्थित रहे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में नीरज सिंह रैकवाल प्रधान सुंदरपुर तथा अर्जुन सिंह बिष्ट प्रधान खेड़ा एवं धर्मेंद्र सिंह रैकवाल क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि मौजूद रहे। इस मौके पर गुरदेव सिंह ने कहा कि हम सब को सामूहिक प्रयास से जनपद को दुर्घटना मुक्त बनाना हैं, हम पंच मंत्र का उपयोग करके सडक् दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं जिसमें हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग करने के साथ-साथ ड्राइविंग के समय मोबाइल का उपयोग बिल्कुल न करें और नशा करके वाहन न चलाएं साथ ही ओवर स्पीड में वाहन बिल्कुल न चलाएं।

समाजसेवी प्रकाश सिंह बिष्ट ने कहा कि सडक् सुरक्षा आज का सबसे गंभीर विषय है,बोले कि हम छोटी-छोटी सावधानी बरत कर बड़ी दुर्घटनाओं को टाल सकते हैं। सडक् सुरक्षा के मानकों को हम अपनी आदत बनाएं। जिला युवा अधिकारी डॉल्वी तेवतिया ने कहा कि सडक् सुरक्षा सप्ताह में युवाओं द्वारा गंभीरता के साथ विभिन्न जागृति कार्यक्रम चलाये जाएंगे और अच्छा मददगार बनने के लिये भी युवाओं को प्रेरित किया एवं कार्यक्रम के प्रारूप और सडक् सुरक्षा नियमों को अपनाने के साथ साथ सभी को सडक् सुरक्षा नियमों का पालन करने को कहा। इस अवसर पर मदन, प्रकाश, भावना, तृप्ता, बीना, सुरेश, भरत तथा अभिषेक अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## फिल्मी दुनिया

# सनी देओले की जाट तबाही के लिए तैयार



*गदर 2 से तहलका मचाने के बाद सनी देओल अपनी फिल्म 'जाट' लेकर आने के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट ऐलान कर दिया है। गदर 2 से तहलका मचाने के बाद सनी देओल अपनी फिल्म 'जाट' लेकर आने के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट ऐलान कर दिया है। यह फिल्म को सिनेमाघरों में 10 अप्रैल को रिलीज होगी। दिसंबर में इसका धांसू टीजर भी रिलीज किया गया था। 67 वर्षीय सनी देओल का एक्शन अवतार देखने के लिए तैयार हो जाइए। ऐसा हम नहीं बल्कि उनकी अपकमिंग फिल्म जाट का टीजर कह रहा है, जो 5 दिसंबर यानी पुष्पा 2 की रिलीज के साथ सिनेमाघरों में आ गया है। टीजर में ताबड़तोड़ एक्शन के साथ तारा सिंह लौटते दिख रहे हैं, जिसे देखने के बाद फैंस अक्षय कुमार को एक्टर से सीखने और उन्हें साउथ डायरेक्टर से हाथ मिलाने की सलाह देते हुए नजर आ रहे हैं. इसके अलावा वह सनी देओल की तारीफ करते हुए दिख रहे हैं, जिसके चलते टीजर वायरल हो रहा है और फैंस फिल्म के रिलीज होने को लेकर एक्साइटमेंट जाहिर करते हुए नजर आ रहे हैं. दरअसल, एक्स यूजर ने सनी देओल की अपकमिंग फिल्म जाटा का टीजर शेयर किया, जिसमें 67 वर्षीय एक्टर एक बार फिर एक्शन अवतार में लौटते हुए नजर आए। उनके अलावा रणदीप हुड्डा की भी पहली झलक देखने को मिली है।*





# नियमितीकरण को 201वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर चलाया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन बुधवार को 201वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि पौधारोपण आंदोलन से पर्यटकों को जोड़ा गया। पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में गाजियाबाद से आए पर्यटक हरीश सिंह, ममता बिष्ट, हेमा बिष्ट, कंचन देवी, राकेश व राजन द्वारा मां उल्का देवी वाटिका में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया । पर्यटकों ने पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में किए गए पर्यावरण संरक्षण के तहत कार्य की सराहना की। पर्यटकों ने कहा कि वह पहली बार उत्तराखंड में आकर पौधारोपण आंदोलन से जुड़े। सरकार द्वारा उनकी मांगों का शीघ्र निस्तारण किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में हर सिंह, शेर सिंह, वेद प्रकाश, हंसी बिष्ट, शोभा राम, महेश कुमार, सौरभ खोलिया, नरेंद्र थापा, नरेंद्र सिंह तथा दीपक राजेंद्र शामिल रहे।

News कॉर्नर

### फर्जी दस्तावेज पेश करने के मामले में चार के खिलाफ मुकदमा

**नैनीताल ।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल ने फौजदारी के एक मामले में जमानतियों के फर्जी दस्तावेज पेश करने पर कोर्ट के आदेश के क्रम में तल्लीताल पुलिस की ओर से चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फौजदारी अहलमत सीजेएम नैनीताल विजय जोशी ने कहा है कि एक वाद में अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) मेरठ की आख्या के आधार पर अभियुक्त तल्लीताल निवासी राहुल गर्ग उक्त मामले में पैरोकार रहे रवि कुमार जैन निवासी मुल्तानगर भोला बागवत मेरठ उत्तर प्रदेश व कथित जमानतीगण तल्लीताल निवासी शंकर व बाबू राम ने आपस में आपराधिक षडयंत्र कर तथा कथित जमानतियों के फर्जी दस्तावेज व फर्जी शपथ पत्र बनाए जिन्हें न्यायालय में पेश कर दिया। जिसके आधार पर कोर्ट ने आरोपी को रिहा कर दिया। कहा है कि चारों ने आपराधिक षड्यंत्र कर अपराध किया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल ने चारों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि तल्लीताल पुलिस ने चारों के खिलाफ बीएनएस की धारा 61 2,229 (1)तथा 319, 318, 338, 339 तथा 340 के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया है।

### वोटर लिस्ट से नाम गायब होने से मतदाता नाराज

**रुद्रपुर।** लोकतंत्र में वोट की ताकत को सबसे बड़ा माना जाता है। लोगों का एक मत किसी भी प्रत्याशी को सिरमौर बना सकता है। एक मत अर्श से फर्श पर ला सकता है, लेकिन मतदाता सूची बनाने का जिम्मा संभालने वाले सरकारी कर्मचारियों की लापरवाही ने सैकड़ों लोगों को वोट देने के अधिकार से वंचित कर दिया। नगर निगम के लगभग हर वार्ड में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से गायब थे।

## आईवीआरआई मुक्तेश्वर के प्रयासों से अल्मोड़ा की नई बकरी की नस्ल चौगरखा पंजीकृत

धारी

हमारे संवाददाता

आईवीआरआई मुक्तेश्वर तथा गोविन्द बल्लभ पंत प्रौद्योगिकी एवं कृषि विद्यालय पंतनगर के सम्मिलित प्रयासों के द्वारा उत्तराखण्ड की एक नई बकरी की नस्ल चौगरखा ( पंजीकरण संख्या- इंडिया गोट 2400 चौगरखा 06040) का भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की नस्ल पंजीकरण समिति द्वारा पंजीकृत किया गया है । यह बडी उपलब्धि है । उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्र में चौगरखा एक मध्यम आकार की बकरी की प्रजाति है जिसे पहाडी बकरी भी कहा जाता है । जो मुख्य रुप पर्वतीय जिले अल्मोड़ा , चम्पावत, पिथौड़ागढ़ , बागेश्वर में





समुद्र सतह से 1000 से 2200 मीटर ऊंचाई पर पाई जाती है। चौगरखा बकरी पर्वतीय क्षेत्रों के उबड़ - खाबड़ इलाकों में पालने हेतु अनुकूलित होती है । फुर्तीली बकरी चौगरखा पालन काफी कम लागत में किया जा सकता है ।

चोखरखा बकरी का ब्रीडिंग ट्रेक अल्मोड़ा क्षेत्र के चितई से दनिया की चौगरखा पट्टी में है ।

इस बकरी का नाम चौगरखा रखा गया । चौगरखा मुख्य रुप से हल्के भूरे , काले व सफेद तीन रंगों में पाई जाती है । इस बकरी को किसान मुख्य रुप मांस के लिये पालते है । वैज्ञानिक तरीके प्रबंधन करने पर बकरी का वजन 30 से 45 किलो तक होता है । वर्तमान में आईवीआरआई मुक्तेश्वर में चोगरखा बकरियों की शुध्द नस्ल के लगभग 170 पशु संरक्षित किये गये है । जिसकी उत्पादन व प्रजनन क्षमता बढा़ने के लिये संस्थान के वैज्ञानिक लगातार शोध कार्य कर रहे है वैज्ञानिकों की इस टीम को दिनांक 17 जनवरी 2025 को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में नस्ल पंजीकरण प्रमाण-पत्र देने हेतु आईसीएआर-एनबीएजीआर करनाल द्वारा आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान डा. हिमाशु पाठक महानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भाकृअनुप) , डा. आर. भट्टा उपमहानिदेशक भाकृअनुप, डा. अभिजीत मित्रा पशुपालन आयुक्त, डा. त्रिवेणी दत्त निदेशक आईवीआरआई, डा. बीपी मिश्रा निदेशक एनबीजीएआर तथा अन्य वैज्ञानिक मौजूद रहे ।

बता दें संस्थान आईवीआरआई मुक्तेश्वर 2014 से चौगरखा बकरी पर अखिल भारतीय बकरी सुधार समन्वय परियोजना के अंतर्गत शोध कार्य कर रहा है । चौगरखा बकरी के पंजीकृत होने पर डा. त्रिवेणी दत्त निदेशक आईवीआरआई तथा डा. यशपाल सिंह मलिक संयुक्त निदेशक आईवीआरआई मुक्तेश्वर ने वैज्ञानिकों को बधाई व शुभकामनाऐं दी हैं ।

## सुबह आठ बजे से पहले ही मतदान के लिए पहुंचने लगे लोग

खटीमा

हमारे संवाददाता

नगर में बृहस्पतिवार को ठंड के बावजूद निकाय चुनाव को लेकर मतदाताओं का जोश कायम रहा। खटीमा में अधिकांश मतदान केंद्रों पर सुबह आठ बजे से पहले ही मतदान के लिए लोग पहुंचने लगे थे। हालांकि बैलेट पेपर से मतदान होने के कारण मतदान की गति थोड़ी धीमी रही।

खटीमा के पकड़िया, मेलाघाट रोड, मुंडेली और राणा प्रताप इंटर कॉलेज आदि में बनाए गए मतदान केंद्रों के बाहर सुबह 7:30 बजे से ही लोग मतदान के लिए पहुंचने लगे थे। युवाओं के अलावा बुजुर्गों में भी मतदान को लेकर काफी उत्साह रहा। दिनभर ठंड पड़ने के बावजूद मतदाताओं के जोश बना रहा। खटीमा में कुल 72 मतदेय स्थलों में पहले दो घटों में 12.70 प्रतिशत मतदान हुआ। फिर धीरे-धीरे मतदान का प्रतिशत बढ़ा। शहर में बृहस्पतिवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहने के कारण धूप नहीं निकली। दोपहर के समय मेलाघाट, मयूर विहार, ऊंची महुवट क्षेत्र में बूंदाबांदी भी हुई। इससे पूर्व कंजाबाग, डिग्री कॉलेज रोड क्षेत्र में भी बूंदाबांदी हुई।

### आयुक्त और आईजी ने लिया मतदान केंद्रों का जायजा

**रुद्रपुर।** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत और आईजी डॉ. योगेंद्र सिंह रावत ने नगर निगम के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। आयुक्त और आईजी ने एएनझा इंटर कॉलेज के बूथ नंबर 93, 94, 95 और आश्रम पद्धति विद्यालय के बूथ नंबर 103, 104, 105 में मतदान का जायजा लिया। अधिकारियों ने बूथ पर दिव्यांग, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को प्राथमिकता से मतदान कराने के निर्देश दिए। इस दौरान रिटर्निंग ऑफिसर मनीष बिष्ट, सहायक रिटर्निंग आफिसर दिनेश कुटौला, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन आदि मौजूद थे।

### स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया

**काशीपुर।** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, आईजी डॉ. योगेंद्र सिंह रावत, ऑब्जर्वर रीना जोशी और एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने नगर निगम, डिजायर सेंटर समेत कई बूथों के अलावा नवीन सब्जी-फल मंडी परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधीनस्थों को मतपेटियों को स्ट्रांग रूम में रखने में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने और सीसीटीवी कैमरे के संबंध में जानकारी ली। साथ ही मतगणना टेबलों पर उचित लाइटिंग व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

## बीडी पांडे अस्पताल को एक करोड़ 36 लाख रुपया प्राप्त हुआ

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के जिला चकित्सालय बीडी पांडे में बीते वर्ष इलाज कराने के लिए एक लाख चार हजार मरीज पहुंचे हैं। जिनके पर्चे और अस्पताल के यूजर्स चार्ज से अस्पताल को एक करोड़ 36 लाख रुपया प्राप्त हुआ है। जबकि इससे पूर्व के वर्ष यह राशि आधी थी। मालूम हो कि नैनीताल के जिला अस्पताल बीडी पांडे में प्रतिदिन लगभग पांच सौ मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। पूर्व में भर्ती मरीजों के अलावा ओपीडी के मरीजों को भी अस्पताल की ओर से आयुष्मान कार्ड से मुफ्त जांच की सुविधाएं दी जा रही थी। जिसमें अस्पताल पहुंचा हर मरीज मुफ्त जांच के लालच में एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, खून की जांच आदि करा लेते थे। जिससे अस्पताल यूजर्स चार्ज से कोई राशि प्राप्त नहीं कर पा रहा था। लेकिन बीते कुछ महीनों पहले अस्पताल में आयुष्मान कार्ड की सेवा केवल भर्ती मरीजों के लिए मान्य कर दी थी। जिसके बाद अस्पताल में जांचे



कम होने के बाद भी यूजर्स जार्ज से ही दोगुनी राशि प्राप्त कर ली। जो अस्पताल के विकास कार्यों में काम आएगा। अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि 2024 में अस्पताल के यूजर्स चार्ज व पर्चे से अस्पताल को एक करोड़ 36 लाख 43 हजार रुपया प्राप्त हुआ। जबकि 2023 में यह राशि 94 लाख, 2022 में 67 लाख व 2021 में 54 लाख थी। बताया कि पूर्व में अस्पताल में केवल दिखाने वाले मरीजों व भर्ती मरीजों को आयुष्मान कार्ड का लाभ दिया जा रहा था। लेकिन कुछ माह पूर्व आयुष्मान की सुविधा केवल भर्ती मरीजों के लिए कर दी गई है। जिससे अस्पताल को लाभ मिल रहा है।

## मतदान से एक रात्रि पहले कई वार्डों में मतदाताओं को नोट बांटने के आरोप में हंगामा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

मतदान से एक रात पहले तीन वार्डों मतदाताओं को लालच देने के आरोप पर जमकर हंगामा हुआ। वार्ड दस में भाजपा पार्षद प्रत्याशी और समर्थकों को लोगों ने घेरकर रुपये बांटने का आरोप लगाया। एक युवक ने प्रत्याशी और कार्यकर्ताओं पर उसकी व उसके पिता की पिटाई का आरोप लगाते हुए ट्रांजिट कैंप थाने में तहरीर दी है। वार्ड एक में भाजपा पार्षद प्रत्याशी व कार्यकर्ताओं को स्थानीय लोगों ने घेर लिया। रंपुरा में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई।

बुधवार आधी रात वार्ड एक में भाजपा प्रत्याशी पवन राणा कार्यकर्ताओं के साथ कारों से घूम रहा था। इसी बीच स्थानीय लोगों ने उसे घेर लिया और मतदाताओं को लालच देने का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। किसी ने घटना का वीडियो बना लिया। इसमें पवन लोगों को सफाई देते हुए दिख रहा है। वहीं रंपुरा में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भिड़ंत हो गई। कांग्रेस कार्यकर्ता की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई है। इधर वार्ड नंबर दस में भाजपा पार्षद प्रत्याशी मुकेश रस्तोगी को ठाकुरनगर में लोगों ने घेर लिया। उन्होंने मुकेश पर वोटरों को रुपये बांटने का आरोप लगाया। इस दौरान लोगों ने उसकी जेबों की तलाशी ली। इससे वहां मारपीट भी हुई थी। ठाकुरनगर निवासी तप्पू तरफदार ने ट्रांजिट कैंप थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि मुकेश और साथियों ने उनके व पिता मोहन के साथ मारपीट की थी। इसमें उनको चोटें आई थी। पुलिस ने तप्पू और मोहन का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया था।

### पिछली बार से छह प्रतिशत कम रहा मतदान

**बाजपुर।** पिछली बार से इस दफा निकाय चुनाव में मतदान छह प्रतिशत घट गया। पिछली बार बाजपुर चेयरमैन पद पर कांग्रेस से गुरजीत सिंह गित्ते, भाजपा प्रत्याशी राजकुमार, बसपा प्रत्याशी अशोक गौतम, सपा से अरविंद यादव, निर्दलीय प्रत्याशी अजीम अहमद, निसार अहमद, महीपाल यादव चुनाव मैदान में थे। इसमें गुरजीत सिंह गित्ते ने राजकुमार को 2990 मतों से शिकस्त देकर चेयरमैन की कुर्सी कब्जाई थी।

### सितारगंज और खटीमा विधायक ने किया मतदान

**खटीमा/ सितारगंज।** निकाय चुनाव में खटीमा विधायक भुवन कापड़ी ने पत्नी कविता कापड़ी के साथ राणा प्रताप इंटर कॉलेज स्थित मतदान केंद्र में मतदान किया। सितारगंज में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने पत्नी सुमेधा बहुगुणा के साथ चिंतीमजरा स्थित मतदान केंद्र में वोट डाला। सितारगंज से भाजपा प्रत्याशी सुखदेव सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी सरफराज अहमद और कांग्रेस प्रत्याशी राकेश बाबा ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होंगे प्रधान डीकर सिंह मेवाड़ी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

गणतंत्र दिवस समारोह 2025 में सम्मानित अतिथि के रूप में नैनीताल जिले के विकासखण्ड ओखलकांडा के ग्राम पंचायत ककोड़ निवासी प्रधान डीकर सिंह मेवाड़ी भी शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय की अनुशंसा पर प्रसार भारती नई दिल्ली ने डीकर सिंह मेवाड़ी को आमंत्रित किया है। समारोह में उत्कृष्ट सामाजिक कार्य करने वाले देश के विभिन्न राज्यों के कुछ चुनिंदा लोगों को आमंत्रित किया गया है इसमें



विकासखण्ड ओखलकांडा निवासी डीकर मेवाड़ी भी शामिल हैं। जिनके द्वारा छह (6) टीवी मरीजों को गोद लेकर सही किया गया था और ग्राम पंचायत ककोड़ के ग्राम प्रधान हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में इनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना की गई थी, ज्ञात हो कि इनके द्वारा समय समय पर पहाड़ के दूरस्थ क्षेत्रों में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी एवं उनका लाभ ग्रामीणों को देने का प्रयास किया जाता हैं। साथ ही एनजीओ के माध्यम से भी ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाते है प्रसार भारती से मिले पत्र के बाद परिवार सहित क्षेत्रीय लोगों में खुशी की लहर हैं।

## आपदाओं से निपटने एवं बचाव हेतु उत्तराखण्ड फ्रेमवर्क तैयार करने के निर्देश

देहरादून

हमारे संवाददाता

आपदा प्रबन्धन के क्षेत्र में अन्य देशों एवं राज्यों के मॉडल को अपनाने के बजाय उत्तराखण्ड की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उत्तराखण्ड केन्द्रित आपदा प्रबन्धन मॉडल तैयार करने की हिदायत देते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आपदा प्रबन्धन विभाग को आपदाओं से निपटने एवं बचाव हेतु उत्तराखण्ड फ्रेमवर्क तैयार करने के दौरान एनजीओं, सिविल सोसाइटी, सामाजिक संस्थाओं एवं निजी विशेषज्ञों के सुझाव भी इसमें शामिल करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने सरकारी अधिकारियों को अपनी सीमित सीमाओं में सीमित ना रहते हुए, व्यापक दृष्टिकोण से कार्य करने की नसीहत दी। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी सचिवालय में आज आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर सेन्डई (जापान) फ्रेमवर्क का राज्य में क्रियान्वयन की समीक्षा कर रही थी। आपदा जोखिम न्यूनीकरण में इन्श्योरेन्स योजना की कार्ययोजना बनाने में ढिलाई पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने स्पष्ट किया कि आपदा सवेंदनशील राज्य उत्तराखण्ड में लोगों को विशेषकर जरूरतमंदों को बीमा योजना से बड़ी मदद मिल सकती हैं। उन्होंने विभाग को इस विषय पर गम्भीरता से विचार करते हुए प्रभावी पहल करने के निर्देश दिए हैं। आपदा के जोखिम आंकलन हेतु प्रशिक्षित अधिकारियों के अभाव के मुद्दे का गम्भीरता से संज्ञान लेते हुए सीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने आपदा से प्रभावित क्षेत्रों एवं गांवों में जोखिम आंकलन के लिए तत्काल मास्टर टेऊनर हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश आपदा प्रबन्धन विभाग को दिए हैं। उन्होंने राज्य में 65000 से अधिक महिला स्वंय सहायता समूहों जिनसे 10 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं, को भी आपदा प्रबन्धन का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इन प्रशिक्षित महिलाओं को आपदा सखी को नाम देते हुए आपदाओं के दौरान ग्राम एवं तहसील स्तर पर इनकी सहायता राहत एवं बचाव कार्यों में लेने के निर्देश दिए हैं। आपदा संवेदी राज्य में विद्यालयी स्तर से ही हर बच्चे को आपदा प्रबन्धन की सामान्य जानकारी को अति आवश्यक बताते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने प्राथमिक विद्यालय के स्तर से विद्यार्थियों के पाठयक्रम में आपदा प्रबन्धन को शामिल करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को सैनिक कल्याण विभाग से सभी जिलों में रह रहे पूर्व सैनिकों की जानकारी एवं आंकड़े लेते हुए उन्हें आपदा प्रबन्धन का प्रशिक्षण देते हुए उनकी सहायता आपदाओं के दौरान स्थानीय स्तर पर लेने के निर्देश दिए हैं।

राज्य में भवनों एवं अन्य निर्माण कार्यों में भारी निर्माण सामग्री एवं भारी निर्माण कार्यों पर चिन्ता व्यक्त करते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि आपदा संवेदनशील क्षेत्रों में अपेक्षाकृत हल्के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जाती है, ताकि आपदा के दौरान जान-माल की कम से कम हानि हो। उन्होंने सिंचाई विभाग सहित अन्य सम्बन्धित विभागों में इस सम्बन्ध में उत्तराखण्ड केन्द्रित कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं जो कि राज्य की विशेष भौगोलिक स्थितियों एवं आपदा परिस्थितियों के अनुकूल हो।